हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

4 तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौके पर मौत; आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



खबर संक्षेप

सरगुजा में जिला स्तरीय युवा उत्सव 27 को

अम्बिकापुर। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में प्रातः 8 बजे से किया जाना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 में विकसित भारत चैलेंज ट्रेक, लोक नृत्य, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज, पारंपरिक वेशभूषा, लोक गीत, रॉकबैंड विधाओं को शामिल किया गया है। रॉक बैंड प्रतियोगिता का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष आयु वर्ष के इच्छुक प्रतिभागी अपने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण सरगुजा में युवा उत्सव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर अपनी सबंधित विधा में सूची जमा कर सकतें है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग कलेक्टोरेट परिसर अम्बिकापुर में 22 अक्टूबर 2026 तक आकर युवा उत्सव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

रामनगर में 27 अक्टूबर से होगी श्रीराम कथा

बिश्रामपुर। रामनगर में राधा कृष्ण सेवा समिति के तत्वावधान में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पूज्य प्राची देवी के मुखारविंद से श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का श्रवण करेंगे। आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे कलशयात्रा के साथ होगी। इसके बाद 27 अक्टूबर से प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक श्रीराम कथा होगी। 5 नवंबर को सुबह 8 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। कथा के पहले दिन 27 अक्टूबर को मंगलाचरण एवं राम नाम की महिमा का वर्णन होगा। 28 अक्टूबर को भारद्वाज-याज्ञवल्क्य मिलन, सती चरित्र और शिव-पार्वती विवाह, जबकि 29 अक्टूबर को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जाएगा। 30 अक्टूबर को विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा एवं सीता स्वयंवर और 31 अक्टूबर को श्रीराम विवाह, अयोध्या आगमन एवं अयोध्या कांड का वर्णन होगा। इसी क्रम में 1 नवंबर को वनगमन एवं भरत मिलाप, 2 नवंबर को अरण्य कांड, 3 नवंबर को अरण्य एवं किष्किंधा कांड तथा 4 नवंबर को सुंदरकांड, रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा सुनाई जाएगी।

वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

अम्बिकापुर। गांव में राशन वितरण के लिए मुनादी कर रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी राजेश देवांगन आ. स्व. कलेश्वर देवांगन (32 वर्ष) 13 अक्टूबर को कोटवार भाई गिरजा शंकर के सचिव के पास चले जाने से बाइक से गांव में राशन वितरण के संबंध में मुनादी करने गया था। युवक गांव में मुनादी कर रह था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भजन-कीर्तन, जसगीत के साथ भोग भण्डारे का आयोजन

दुर्गाष्टमी पर माता को लगा 56 भोग, आज नवमीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



रविवार को पूजा पंडालों में माता के महागौरी रूप की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर माता को 56 भोग चढ़ाए गए।

शहर में लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षक पूजा पंडालों में स्थापना की गई है, सभी जगहों पर महाष्टमी के अवसर पर 108 दीपकों के साथ महाआरती की गई और 56 भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के कचहरीपारा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा-अर्चना एवं महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शहर से लेकर गांव-गांव तक श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

इस दौरान प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुट रही है इसके अलावा विभिन्न जगहो के पूजा पण्डालों में विराजी मां दुर्गा माता के दर्शन एवं पूजा आरती कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सप्तमी तिथि को शहर के सभी दुर्गा पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ रही। माता के दर्शन के लिए शहर सहित आस पास के लोग परिवार सहित पूजा पण्डालों में पहुंच रहे है। नवरात्र के दौरान माता के विभिन्न रूपों का प्रतिदिन श्रृगार कर पूजा अर्चना, आरती कार्यक्रम किए जा रहे है। इसके अलावा पूजा पण्डालों में भोग भण्डारा का कार्यक्रम भी चल रहे है। प्रतिदिन विभिन्न पूजा पण्डालों में भजन कीर्तन और जसगीत का आयोजन हो रहा है। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिनों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब शाम



ढलने के साथ ही उमड़ने लगा है। रात्रि पूजा एवं महाआरती में काफी संख्या में भक्तजन जुट रहे है और माता के जयकारे से पूरा पण्डाल गुंजने लगा है। सप्तमी तिथि को शहर के सभी पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

परिवार सहित भक्तजन माता के दर्शन कर रहे है। रात्रि के समय माता का दरबार विद्युत रौशनी की सजावट से दमक रहा है, वही प्रतिदिन कई तरह के धार्मिक आयोजन के कारण सभी ओर भक्ति की बयार बहने लगी है।

रामानुज मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन

विजयादशमी के दिन 20 अक्टूबर को सभी देवी मूर्तियों के विसर्जन पश्चात रात्रि में विशाल रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन रामानुज मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। इसके पूर्व स्टेडियम में भव्य आतिशबाजी का नजारा भी लोगों को देखने को मिलेगा। रावण सहित उनके भाईयों के पुतला का निर्माण जयनगर विश्रामपुर से आए कलाकारों के द्वारा पखवाडे भर पहले से निर्माण कार्य में जुटे है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष रावण का पुतला करीब 55 फीट ऊँचा बनाया गया है। रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए रामानुज मिनी स्टेडियम में भारी भीड़ उमड़मती है।

आज होगा महानवमी का हवन पूजन

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन आज नवमीं तिथि को माता के सिद्धीदात्री रूप की विशेष रूप से श्रृंगार का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान विभिन्न पूजा पण्डालों में हवन पूजन से पूरा वातावरण सुवासित होगा। इसके साथ ही पूजा पण्डालों के अलावा श्रद्धालुओं के द्वारा अपने घरों में विशेष रूप से कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां कन्याओं को देवी स्वरूप विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी और उन्हें भोग प्रदान कर आशीर्वाद लिया जाएगा। इसके एक दिन पूर्व रविवार को महाष्टमी को विभिन्न पूजा पण्डालों में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए और जगह-जगह कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

आकर्षक झांकी में निकलेगी विसर्जन की झांकी

इस वर्ष पूरे नौ दिनों तक शक्ति के देवी की आराधना भक्तिभाव के साथ करने के बाद 20 अक्टूबर को माता को विदाई दी जाएगी। इसके लिए दोपहर बाद से सभी पूजा पण्डालों में विराजी गई माता एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों को विसर्जन किया जाएगा। इसके पूर्व देवी मूर्तियों को वाहनों में झांकी स्वरूप सजाकर शहर में झांकी निकाली जाएगी और एक-एक कर सभी वाहनों में रखी मूर्तियों को विसर्जन स्थल के लिए ले जाया जाएगा। इस अवसर पर माता के अंतिम दर्शन के लिए शहर सहित के आस पास के ग्रामीण माता को अंतिम विदाई देने के लिए उमड़ पड़ते है। गाजे बाजे के साथ विसर्जन की झांकी निकाली जाएगी।

पूजा पंडालों में पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष अशोक

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कोरिया जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित दुर्गा पूजा समारोहों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने दुर्गा पूजा समिति अमहर, सिंदिया, करजी, गिरजापुर, कटकोना, पुटा और अंगा सहित विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने ग्रामवासियों से मुलाकात कर उन्हें शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। विभिन्न पूजा पंडालों में देवी कथा का आयोजन भी किया जा रहा था, जिसमें शामिल होकर उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। पूजा समितियों द्वारा आयोजन की सुंदर व्यवस्था की गई थी। पंडालों में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष विजय सिंह, भाड़ी मंडल अध्यक्ष राजू भगत, लाल दास महंत उर्फ कल्ला सहित विभिन्न ग्रामों के श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरचा में 16 अक्टूबर को पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा पहली से बारहवीं तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने सहभागिता की।

- सेजेस चरचा में पालक-शिक्षक बैठक

इस दौरान विद्यार्थियों के एफए-1 एवं एफए-2 परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, विषयवार उपलब्धियों और पढ़ाई में सुधार की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराना तथा उनकी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों के परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों की विषयवार प्रगति, अध्ययन के स्तर और शैक्षणिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता पर भी चर्चा की गई। शिक्षकों ने बताया कि परीक्षा परिणाम केवल अंकों का आकलन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति को समझने और उनकी कमजोरियों को दूर करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। समय रहते कमियों की पहचान कर उचित मार्गदर्शन दिया जाए, तो विद्यार्थियों के प्रदर्शन में सकारात्मक सुधार लाया जा सकता है। पालक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, अध्ययन के प्रति रुचि और आगामी परीक्षाओं की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई के प्रति नियमित रूप से रुचि लें तथा घर पर उनके अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें। बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान देने, नियमित रूप से होमवर्क पूरा कराने और पढ़ाई में आने वाली समस्याओं को समझने से उनकी ⏭शेष पेज 2 पर

विद्यालय और परिवार दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण

विद्यालय के प्राचार्य श्री बिजेंद्र मानिकपुरी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और परिवार दोनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद तथा बेहतर समन्वय आवश्यक है। जब विद्यालय और परिवार मिलकर विद्यार्थियों की प्रगति के लिए प्रयास करते हैं, तब उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों के परीक्षा परिणामों को गंभीरता से लें, उनकी कठिनाइयों को समझें और उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करें। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें सकारात्मक वातावरण, प्रोत्साहन और उचित मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचानकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

20 लाख ऋण से चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक निर्माण इकाई

बैकुंठपुर। अपना उद्यम स्थापित करने का सपना, काम करने का जज्बा और आगे बढ़ने का जुनून था, लेकिन आर्थिक कठिनाइयां राह रोक रही थीं। इन परिस्थितियों में भी बैकुण्ठपुर के तलवापारा निवासी श्रीमती सुषमा साहू ने हौसला बनाए रखा। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का सहयोग मिला तो उन्होंने अपने सपने को साकार किया।

- सुषमा अब 12 महिलाओं को भी दे रहीं रोजगार



आज वे चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक निर्माण इकाई का संचालन कर आत्मनिर्भर बनने के साथ करीब 10-12 महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही हैं। रमेश चन्द्र साहू की पत्नी श्रीमती सुषमा साहू पढ़ाई और विवाह के बाद अपना काम शुरू करने के लिए प्रयासरत थीं। उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक पूंजी जुटाना उनके सामने बड़ी चुनौती थी। इसी दौरान उन्हें उद्योग विभाग से पीएमईजीपी की जानकारी मिली। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरिया के सहयोग से उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया। योजना के माध्यम से वर्ष 2023-24 में उन्हें चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक निर्माण के लिए 20 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने मशीनरी और कच्चे माल की व्यवस्था कर अपनी निर्माण इकाई की शुरूआत की। इसके बाद मेहनत और लगन से उद्यम को आगे बढ़ाया। सुषमा अब लगभग 35 हजार रुपए प्रतिमाह आय अर्जित कर रही हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और आजीविका का आधार मजबूत हुआ है।

उद्यम के संचालन ने उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ निर्णय लेने और आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी दिया है। उनकी इस पहल का लाभ साथ काम करने वाली महिलाओं को भी मिल रहा है। कभी स्वयं रोजगार की तलाश में रहीं सुषमा आज अन्य महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध ⏭शेष पेज 2 पर

नहर क्षेत्र से हटाए गए 60 अतिक्रमण

अंबिकापुर। बांकी नहर को कब्जा मुक्त कराने का दायरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने पांच दिनों के अंदर लगभग 60 से अधिक अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया है। अंतिम दिन टीम ने पचपेड़ी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंतिम दिन क्षेत्र में 12 अतिक्रमण को हटाकर माइनर नहर को हटाकर कब्जा मुक्त कराया गया। बता दें कि शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के बीच जल संसाधन विभाग के नहर पर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की गई थी। जल संसाधन विभाग द्वारा शुरू में 27 कब्जा धारियों को नोटिस जारी किया गया था और उनके खिलाफ अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान बहु मंजिला इमारतों पर भी विभाग ने बुलडोजर चलवाया। शासकीय भूमि पर माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई के बीच ही विभाग ने सर्वे का कार्य भी किया। इस दौरान मुख्य नहर की सब माइनर नहर में भी अतिक्रमण की बात सामने आई। इसके बाद विभाग ने विभाग द्वारा सभी को फिर से नोटिस जारी कर तत्काल कब्जा खाली करने का निर्देश दिया: शेष पेज 4 पर
गया था। इस दौरान यह बात सामने आई कि सब माइनर नहर को भी पाटकर उस पर बिल्डिंग खड़ी कर दी गई थी।

स्वर्ण जयंती पर सजेगी संगीत की महफिल

मनेन्द्रगढ़। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान, मनेन्द्रगढ़ द्वारा अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती कार्यक्रम श्रृंखला के तहत विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

आगामी 20 अक्टूबर 2026 को शाम 7 बजे से नदी पार स्थित नगर पालिका पार्क के दुर्गा पंडाल मंच पर गीत, गजल एवं देवी भजनों से सजी सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। संस्था द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में संगीत सितारों की शानदार प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। गीत, गजल और देवी भजनों की प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार श्रोताओं को संगीत की विविध विधाओं से रूबरू कराएंगे। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान, जिसे पूर्व में संबोधन साहित्य एवं कला परिषद के नाम से जाना जाता था, मनेन्द्रगढ़ में साहित्य एवं कला के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय संस्था के रूप में कार्य कर रही है। संस्था की 50 वर्षों की यात्रा क्षेत्र में साहित्य, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों के विकास से जुड़ी रही है। संस्था की ओर से बताया गया कि स्वर्ण जयंती कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित यह संगीत संध्या साहित्य और कला प्रेमियों के साथ-साथ नगरवासियों के लिए भी विशेष अवसर होगी। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, कला-साहित्य प्रेमियों एवं संगीत अनुरागियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। कार्यक्रम का आयोजन 20 अक्टूबर, मंगलवार को शाम 7 बजे से, नदी पार नगर पालिका पार्क स्थित दुर्गा पंडाल मंच में किया जाएगा।

खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

क्रिकेट और फुटबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



तीन दिवसीय अंतर-चर्च स्पोर्ट्स एक्टिविटीज स्पर्धा का 17 अक्टूबर को उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन क्रिकेट और फुटबॉल के मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों में अंतिम ओवरों तक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, वहीं फुटबॉल में भी टीमों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में आरसी चर्च रामपुर और आईपीसी सुरमी के बीच भिड़ंत हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आईपीसी सुरमी ने 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसी चर्च रामपुर की टीम 76 रन ही बना सकी। इस तरह आईपीसी सुरमी ने दो रन से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में आईपीसी बरतारिहापारा ने निर्धारित आठ ओवर में 92 रन बनाए। जवाब में ग्रेस फेलोशिप पटना की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में 95 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पटना के निशुल मिंज ने महज 11 गेंदों में 53 रन की विस्फोटक पारी खेलकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। तीसरे मैच में ईएलसी आनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रेस क्रिकेट पंडोपारा की टीम 81 रन ही बना सकी। ईएलसी आनी के हर्षित लकड़ा ने मात्र 17 गेंदों में ⏭शेष पेज 2 पर

सलबा ने 5-0 से दर्ज की जीत

फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में आरसी चर्च मनेंद्रगढ़ ने एलिम प्रेयर सेंटर विश्रामपुर को 2-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में ईएल चर्च सलबा ने ईएल चर्च कुशमाहा के खिलाफ एकतरफा खेल दिखाते हुए 5-0 से जीत दर्ज की। सलबा की ओर से आदित्य ने तीन गोल कर हैट्रिक लगाई, जबकि अमन एक्का ने दो गोल किए।

आर्थिक स्वावलंबन का केंद्र बना कटगोड़ी

बैकुंठपुर। सोनहत के वनांचल में महिला किसान अब परंपरागत खेती के साथ आधुनिक तकनीक और आजीविका के नए साधनों को अपनाकर आगे बढ़ रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कटगोड़ी में गठित एकीकृत कृषि क्लस्टर उनके इन प्रयासों का केंद्र बन रहा है। यहां खेती के साथ सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से परिवारों की आय बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। सोनहत के 12 गांवों को शामिल कर बनाए गए इस क्लस्टर में 1,200 किसान परिवारों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 360 परिवारों के साथ काम किया जा रहा है। उद्देश्य प्रत्येक परिवार को खेती के साथ तीन से चार अतिरिक्त कृषि आधारित आजीविका गतिविधियों से जोड़ना है। इसके लिए आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, कृषि उपकरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से बढ़ा भरोसा



इस वित्तीय वर्ष में क्लस्टर के माध्यम से लगभग 260 महिला किसानों को ग्राफ्टेड टमाटर के पौधे उपलब्ध कराए गए। इस तकनीक से मिले बेहतर उत्पादन ने महिला किसानों का उत्साह बढ़ाया है। ग्राम दामुज एवं अंगवाही की महिला किसान चंद्रावती और मंगली दीदी ने बताया कि ग्राफ्टेड पौधों से इस वर्ष टमाटर का उत्पादन पहले की तुलना में लगभग डेढ़ गुना हुआ है। उनके अनुसार, फसल की बिक्री से अब तक लागत से अधिक राशि प्राप्त हो चुकी है और इस ⏭शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप

अवैध सेमल काष्ठ से लदा ट्रक जब्त, 11 बड़े लट्ठे बरामद

रामानुजनगर। वन संपदा के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने रामानुजनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत महेशपुर बीट में



सेमल काष्ठ से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में सेमल प्रजाति के 11 बड़े काष्ठ लट्ठे लदे हुए थे। परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वन विभाग ने काष्ठ और वाहन को अपने कब्जे में लेकर वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा कराया है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 9.45 बजे वन परिक्षेत्राधिकारी रामानुजनगर के निर्देशन में विभागीय अमले ने सर्किल प्रेमनगर के महेशपुर बीट अंतर्गत महेशपुर चितखई मुख्य मार्ग पर हाई स्कूल के समीप जांच के दौरान लाल रंग के टाटा ट्रक को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर उसमें सेमल प्रजाति के 11 बड़े काष्ठ लट्ठे मिले। वन अमले ने परिवहन के लिए आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएम 5938 जब्त कर लिया। मामले में वन विभाग ने वन अपराध से संबंधित तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग ने कहा है कि वन संपदा की अवैध कटाई, परिवहन और व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

बलरामपुर के दो खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय टीम में मिली जगह

बलरामपुर। शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अश्वनी विश्वकर्मा के संयोजन में 8 एवं 9 अक्टूबर को



परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता में सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मेजबान शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के पश्चात बलरामपुर महाविद्यालय के खिलाड़ी आनंद तिवारी एवं मंसूर अंसारी का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टीम के लिए किया गया। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान मनोरंजन कुमार, राम भजन राय, धीरज मिश्रा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अशोक एक्का, प्रदीप सैनी, तिलक, महेश्वर प्रसाद राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

मन जागृति अभियान के तहत शबरी सेवा संस्थान का हुआ सम्मान



लखनपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित मन जागृति अभियान के तहत सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभाकक्ष में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं सहयोगी संस्था सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सीएमएचओ डां. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, समय पर उपचार, परामर्श सेवाओं की उपलब्धता एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान लखनपुर को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 10 वी वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला जेल सूरजपुर,बालक, बालिका छात्रावास, अरूणोदय कोचिंग संस्थान, मितानिन सहित अन्य संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेन्द्र साहू, पायल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

अम्बिकापुर। गांव में राशन वितरण के लिए मुनादी कर रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी राजेश देवांगन आ. स्व. कलेश्वर देवांगन (32 वर्ष) 13 अक्टूबर को कोटवार भाई गिरजा शंकर के सचिव के पास चले जाने से बाइक से गांव में राशन वितरण के संबंध में मुनादी करने गया था। युवक गांव में मुनादी कर रह था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया।

बाजारपारा में 1944 और बस स्टैंड में 1976 से हो रही मां दुर्गा की स्थापना, नवरात्रि पर भक्ति कार्यक्रमों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन

लखनपुर में 21 अक्टूबर को मनेगा दशहरा, 60 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर

नगर में नवरात्रि का उत्साह चरम पर है। मां दुर्गा के पंडालों में सुबह-शाम आरती, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इधर लखनपुर में पुरानी परंपरा के अनुसार अंबिकापुर से एक दिन बाद 21 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय मिनी साक्षरता स्टेडियम में लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

लखनपुर के बाजारपारा में आजादी से पहले वर्ष 1944 से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा शुरू हुई थी जो आज भी निरंतर जारी है। इसी तरह बस स्टैंड में नवचेतना दुर्गा पूजा समिति द्वारा वर्ष 1976 से लगातार मां दुर्गा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा की जा रही है। दोनों स्थानों पर आकर्षक साज-सज्जा की गई है। नवचेतना दुर्गा पूजा समिति द्वारा रंगारंग भक्ति कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर में 400 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। बाजारपारा स्थित मां भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने नाम से 113 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। इन धार्मिक आयोजनों से पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन

दशहरा पर्व को लेकर स्थानीय मिनी साक्षरता स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर हैं। थाना के सामने स्थित स्टेडियम में स्थानीय कलाकारों द्वारा लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है। समिति के सदस्य नरेंद्र पांडे एवं सुरेश साहू ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में भगवान श्री राम की स्तुति विशेष आकर्षण रहेगी। बाहर से आए कलाकारों द्वारा शाम 6 बजे से 7 बजे तक रामायण पर आधारित भगवान श्री राम की स्तुति प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद शाम 7.30 बजे मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में रावण दहन किया जाएगा।



राजघराने की परंपरा से जुड़ा है एक दिन बाद दशहरा

लखनपुर में अंबिकापुर के एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। बताया जाता है कि राजा-महाराजाओं के समय लखनपुर के राजा दशहरा के दिन अंबिकापुर राजघराने में सलामी देने जाया करते थे। इसी परंपरा के चलते लखनपुर में एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा शुरू हुई, जो आज भी कायम है। एक दिन बाद दशहरा मनाए जाने के कारण यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और लोगों की भीड़ जुटती है।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक

दशहरा उत्सव के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए दुर्गा पूजा समिति और पुलिस के बीच बैठक आयोजित कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में पार्किंग और वाहनों के आवागमन को लेकर व्यवस्था तय की गई। सुमन पंप के पास तथा जुनाडी में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार पहिया वाहनों को जय दुर्गा राइस मिल से अस्पताल मार्ग होते हुए भरतपुर चौक की ओर निकाला जाएगा। बड़ी गाड़ियों को कार्यक्रम के दौरान चार घंटे तक नवापारा और रजपुरी में रोका जाएगा, ताकि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति और पुलिस द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

अवैध रेत खनन एव परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

रेत का अवैध कारोबार करने वाले माफियाओं को अभयदान, गरीब ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इस बीच खनिज विभाग की चालानी कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय ट्रैक्टर चालकों का सीधा आरोप है कि खनिज विभाग का उड़नदस्ता दल केवल छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है जबकि एनजीटी की पाबंदियों को धता बताकर नदी का सीना चीरने वाले रसूखदार रेत माफियाओं को खुला अभयदान मिला हुआ है।

सीतापुर क्षेत्र के केशला, भीठुवा, मंगरेलगढ़, रायकेरा, ढेलसरा, प्रतापगढ़, नवापारा, तेलाइधार समेत ग्राम सरगा से होकर गुजरने वाली मांड और मैनी नदियों के घाटों पर दिन-रात अवैध उत्खनन जारी है। ग्रामीणों के अनुसार इन घाटों पर बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर हर दिन लाखों रुपये की रेत बिना किसी वैध रॉयल्टी के निकाली जा रही है जबकि घाटों से रेत उत्खनन का कोई टेंडर तक नहीं है। खनिज विभाग द्वारा हाल ही में सीतापुर और आसपास के इलाकों में वाहनों की जांच कर कुछ ट्रैक्टर और गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई तो की गई लेकिन नदी में सक्रिय बड़े रेत माफियाओं पर हाथ डालने से विभाग बचता नजर आ रहा है। ट्रैक्टर पकड़े जाने से नाराज ट्रैक्टर मालिकों ने खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि





कागजी नोटिस से रेत माफियाओं को फायदा

इस संबंध में स्थानीय लोगों समेत ट्रैक्टर मालिकों का आरोप है कि ग्राम सोनातराई समेत अन्य जगहों पर अवैध रेत भंडारण पकड़े जाने पर भी विभाग केवल कागजी नोटिस जारी कर इतिश्री कर लेता है। आज तक खनिज विभाग ने रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से भंडारण किए गए रेत को कभी सील नहीं किया न ही दंडात्मक कार्रवाई की गई। केवल उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है। विभाग द्वारा ठोस एवं दंडात्मक कार्रवाई न करने का फायदा उठाकर रेत माफिया रातों-रात पूरी अवैध रेत को ठिकाने लगा देते हैं। प्रशासनिक ढीलेपन और कथित सांठगांठ के कारण जहां एक तरफ सरकार को लाखों रूपए के राजस्व का चूना लग रहा है। वहीं अवैध रूप से किये जा रहे रेत खनन की वजह से क्षेत्र की जीवनदायनी मांड नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी पूरी तरह से बिगड़ चुका है।

जनता में भारी आक्रोश

अवैध रेत खनन एवं परिवहन को लेकर खनिज विभाग की इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों में गहरा रोष है। विभाग के इस दोहरे रवैये से नाराज लोगों ने विगत दिनों देर रात रेत का अवैध परिवहन कर रही हाइवा को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। एनजीटी के प्रतिबंध के बाद भी अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा किये जा रहे पक्षपातपूर्ण कार्रवाई से ट्रैक्टर मालिक एवं स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। विभागीय अधिकारी कर्ज में डूबे ट्रैक्टर मालिकों को अगर इसी तरह प्रताड़ित करती रही तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इस संबंध में लोगों का कहना है कि विभाग मांड नदी का सीना छलनी करने वाले बड़े रेत माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करें ताकि मांड़ एवं मैनी नदी से होने वाले अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर रोक लग सके।

वे जीविकोपार्जन के लिए बैंकों के माध्यम से लोन पर ट्रैक्टर लेते हैं। जिसका किश्त पटाने एवं अपने परिवार का पेट पालने के लिए प्रधानमंत्री आवास जैसे छोटे निर्माण कार्यों के लिए मांड नदी से एक-दो ट्रॉली रेत लाते हैं जिसे खनिज विभाग द्वारा पकड़ने के बाद सीज करते हुए थाने में खड़ा करा दिया जाता है ऊपर से भारी जुर्माना ठोक देती है। खनिज विभाग के इस पक्षपातपूर्ण रवैये से जहां ट्रैक्टर मालिकों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ रात के अंधेरे में बिना रॉयल्टी पर्ची के दौड़ने वाले रसूखदारों के भारी-भरकम हाईवा और डंपर बेखौफ होकर मुख्य मार्गों से गुजरते हैं जिन्हें पकड़ने की हिम्मत विभागीय अमला कभी नहीं दिखाता। इस संबंध में खनिज निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि रेत के अवैध भंडारण करने वालों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया गया है।



खांचाकूड़ा जंगल में अवैध अतिक्रमण वन विभाग ने की कार्रवाई

कार्रवाई को लेकर ग्रामीण पहुंचे वन परिक्षेत्र कार्यालय, समझाइस के बाद मामला शांत

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर



लखनपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत खांचाकूड़ा जंगल में अवैध अतिक्रमण कर फसल बोने के मामले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। शिकायत मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच झोपड़ी को तोड़ते हुए बोई गई फसल को नष्ट किया गया तथा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार लखनपुर वन क्षेत्र के कटिंदा सर्किल अंतर्गत पी कक्ष क्रमांक 2259 में सुखसाय आ.जागेश्वर राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा पेड़ पौधों की कटाई कर अवैध कब्जा कर फसल बोया गया था। इसकी शिकायत मिलने पर रेंजर रामनिवास दहायत के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अतिक्रमण हटाते हुए झोपड़ी को हटाया और फसलों को नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि खांचाकूड़ा जंगल में प्रत्येक वर्ष अतिक्रमण की शिकायतें सामने आती हैं। वन विभाग द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाती है। वन विभाग ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में वन भूमि पर दोबारा कब्जा नहीं करने की हिदायत दी है। विभाग द्वारा वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण रोकने और जंगल की जमीन को सुरक्षित रखने के लिए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की बात कही है।

कार्रवाई को लेकर अतिक्रमणकारियों में आक्रोश

वन भूमि में अवैध अतिक्रमण को लेकर वन विभाग द्वारा किए गए कार्रवाई को लेकर अतिक्रमणकारी शनिवार की दोपहर लखनपुर वन विभाग कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे करके कार्रवाई का विरोध करने लगे। जिस पर रेंजर रामनिवास के समझाइश के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ।

दुर्गा सप्तमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में माता की भक्ति की धूम रही,सुबह से ही देवी मंदिरों और आकर्षक दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,बेल पूजा के बाद पंडालों के पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया,क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर और स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा में विधि-विधान से पूजा-अर्चना व मातारानी का विशेष श्रृंगार के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,वहीं मां समलेश्वरी महामाया मंदिर परिसर में शनिवार की शाम देवी जागरण एवं गरबा महोत्सव ने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण, बंगाली क्लब कल्चरल एसोसिएशन, अंबेडकर चौक स्थित जय भवानी दुर्गा पूजा समिति और बस स्टैंड के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, कुमदा कालोनी सहित सिलफिली, अजबनगर, लटोरी, रामनगर, कंदरई जोगी माड़ा, राजापुर और डेडरी के पंडालों में भी भक्तों की चहल-पहल रही।गौरीशंकर मंदिर प्रांगण व बंगाली क्लब कल्चरल एसोसिएशन में बेल पूजा की प्रक्रिया क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न कराई गई। संकटमोचन हनुमान मंदिर में छप्पन भोग अर्पित करने की प्रक्रिया पूरी की गई। यहां महानवमी पर 19 अक्तूबर को डांडिया गरबा महोत्सव आयोजित होगा। शारदीय नवरात्र के अंतिम चरण में धार्मिक आयोजनों, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कोयलांचल की रौनक बढ़ा दी है। मंदिरों से लेकर दुर्गा पंडालों तक श्रद्धालु मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

बेल पूजा के बाद खुले दुर्गा पंडालों के पट, मंदिरों में भंडारा और छप्पन भोग का आयोजन



विजयादशमी को होगा रावण दहन

शारदीय नवरात्र में पूजा अर्चना व हवन पाठ उपरांत विजयादशमी को नगर के दशहरा मैदान, कुमदा कालोनी, केनापारा समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण, लटोरी, रामनगर, कंदरई, राजापुर, डेडरी में भव्य आतिशबाजी के साथ विशालकाय रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम मंगलवार 20 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए कारीगरों द्वारा रावण का पुतला तैयार करने युद्ध स्तर पर कार्य सम्पन्न कराये जा रहे हैं।

निकाली गई शोभायात्रा

शारदीय नवरात्र पर सप्तमी तिथि को अंबेडकर चौक स्थित जय भवानी दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू करने के पूर्व शनिवार की सुबह अंबेडकर चौक से गौरीशंकर मंदिर प्रांगण स्थित तालाब से जल उठाकर अंबेडकर चौक तक शोभायात्रा निकाली गई।

पांच दिनों में नहर क्षेत्र से हटाए गए 60 अतिक्रमण

अंबिकापुर। बांकी नहर को कब्जा मुक्त कराने का दायरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने पांच दिनों के अंदर लगभग 60 से अधिक अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया है। अंतिम दिन टीम ने पचपेड़ी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंतिम दिन क्षेत्र में 12 अतिक्रमण को हटाकर माइनर नहर को हटाकर कब्जा मुक्त कराया गया। बता दें कि शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के बीच जल संसाधन विभाग के नहर पर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की गई थी। जल संसाधन विभाग द्वारा शुरू में 27 कब्जा धारियों को नोटिस जारी किया गया था और उनके खिलाफ अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान बहु मंजिला इमारतों पर भी विभाग ने बुलडोजर चलवाया। शासकीय भूमि पर माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई के बीच ही विभाग ने सर्वे का कार्य भी किया। इस दौरान मुख्य नहर की सब माइनर नहर में भी अतिक्रमण की बात सामने आई। इसके बाद विभाग ने विभाग द्वारा सभी को फिर से नोटिस जारी कर तत्काल कब्जा खाली करने का निर्देश दिया गया था।



पृष्ठ 1 का शेष

विद्यालय और अभिभावकों...

शैक्षणिक प्रगति को बेहतर बनाया जा सकता है। अभिभावकों को यह भी समझाया गया कि बच्चों की शिक्षा केवल विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि घर पर मिलने वाला मार्गदर्शन और प्रोत्साहन भी उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले शिक्षण और घर पर अभिभावकों के सहयोग के बीच बेहतर तालमेल होने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे पढ़ाई के प्रति अधिक गंभीर होते हैं।

20 लाख ऋण से...

करा रही हैं। इस तरह उनका उद्यम अपने परिवार के साथ दूसरे परिवारों की आजीविका में भी योगदान दे रहा है। योजना से मिले सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुषमा कहती हैं कि आर्थिक सहायता ने उन्हें अपना काम स्थापित करने और अन्य महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का अवसर दिया है।

क्रिकेट और फुटबॉल ...

62 रन बनाए। इस जीत के साथ ईएलसी आनी ने 21 रन से मुकाबला अपने नाम किया। दिन के चौथे मुकाबले में द ट्रुथ ट्राइब सूरजपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए। जवाब में कालीपुर 11 की टीम ने 89 रन बनाकर जीत हासिल की। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी क्रिकेट और फुटबॉल के कई मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

ग्राफ्टेड टमाटर की...

बार लगभग दोगुना लाभ होने की संभावना है। बेहतर परिणाम मिलने से किसान आगामी वर्ष के लिए भी ग्राफ्टेड टमाटर के पौधों की मांग दर्ज कराने लगे हैं। यह अनुभव ग्रामीण महिलाओं में आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने का विश्वास मजबूत कर रहा है। क्लस्टर में खेती के अलावा बैकयार्ड पोल्ट्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए किसानों को देशी प्रजाति के तैयार चूजे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बकरी पालन के लिए पांच मादा बकरी और एक बकरे की इकाई के माध्यम से आजीविका विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल में बिहान मिशन के साथ प्रदान संस्था के प्रतिनिधि भी किसानों को सहयोग दे रहे हैं। नियमित क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से फसल प्रबंधन, वैज्ञानिक तकनीक और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है। इससे महिला किसानों को नई गतिविधियां अपनाने और खेती के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान करने में मदद मिल रही है।

बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

जिले के 35 शासकीय स्कूलों में नीट एवं जेईई की ऑनलाइन कोचिंग

अंबिकापुर। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला खनिज संस्थान न्यास एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के 35 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नीट एवं जेईई लाइव ऑनलाइन कोचिंग का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक परियोजना का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों



को उनके सपनों को नई उड़ान देने का अवसर है, उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। आज का समय प्रतियोगिता का समय है, ऐसे समय में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने की यह पहल सराहनीय पहल है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के दौरान कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय के लगभग 2,120 विद्यार्थियों को दो वर्षों तक लाइव ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके माध्यम से गणित एवं जीव विज्ञान समूह के विद्यार्थी जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। वहीं प्रत्येक तीन माह में एक फीडबैक सेशन भी रखा जाएगा।

ऑनलाइन कक्षाओं और स्मार्ट क्लासरूम से नीट एवं जेईई की तैयारी

परियोजना का क्रियान्वयन फिजिक्स वल्लाह लिमिटेड एजेंसी द्वारा की जाएगी। सभी 35 विद्यालयों में एक साथ लाइव टू-वे इंटरैक्टिव कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। हिंदी एवं अंग्रेजी के मिश्रित माध्यम में संचालित होने वाली इन कक्षाओं से विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन करने के लिए एआई आधारित लर्निंग एनालिटिक्स, प्रदर्शन ट्रैकिंग एवं अभिभावक रिपोर्टिंग डैशबोर्ड की व्यवस्था की गई है। विद्यालयों में आधुनिक तकनीक से युक्त स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए 75 इंच के 4के इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल, कंप्यूटर सिस्टम, वायरलेस माइक्रोफोन, एचडी वेब कैमरा, स्पीकर सिस्टम तथा कम से कम तीन घंटे का पावर बैकअप उपलब्ध कराया गया है।



दिल्ली की तंग गलियों में सुलझाएंगे जुर्म की गुत्थी

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही निर्देशक ईशान शर्मा की पहली फिल्म 'कबूतर' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसका निर्माण निखिल चौधरी कर रहे हैं, जिसमें फ्रांस और नॉर्वे के निर्माता भी शामिल हैं। दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित इस क्राइम-ड्रामा फिल्म की शूटिंग साल 2027 की शुरुआत में दिल्ली में शुरू होगी, जहां नवाजुद्दीन एक अनोखे गली-मोहल्ले के अनोखे जासूस के रूप में जुर्म की गुत्थी सुलझाएंगे। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, पुरानी दिल्ली की जर्जर इमारतों के बीच रची गई 'कबूतर' की कहानी महबूब नाम के एक गली-मोहल्ले के जासूस महबूब के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

यामी

नई नवेली ने जीता दिल या किया निराश?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसके साथ ही फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने वाले दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

एक्स पर कोई फिल्म की कहानी और यामी के अभिनय को परखता नजर आ रहा है तो कोई इसके स्क्रीनप्ले और निर्देशन पर बात कर रहा है। कुल मिलाकर 'नई नवेली' को लेकर सोशल मीडिया पर दर्शकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। 'नई नवेली' को एक यूजर ने 2.5 स्टार देते हुए लिखा कि यामी और आदिनाथ कोठारे की एक्टिंग तो अच्छी है, लेकिन हॉरर, कॉमेडी और धार्मिक बैकड्रॉप का मेल फिल्म को कमजोर बना देता है। एक अन्य यूजर ने इसे 1.5 स्टार देकर लिखा कि लोककथा और ड्रामा का यह कांसेप्ट दर्शकों को डराने और हंसाने में नाकाम साबित होता है। कुछ ने कहा कि 'नई नवेली' की कहानी बड़े पर्दे पर दर्शकों को बांधने में नाकाम साबित होती है। दर्शकों के मुताबिक, यामी की बेहतरीन स्क्रीन प्रेजेंस एक कमजोर और बेजान कहानी की भेंट चढ़ गई। कॉमेडी कुछ हिस्सों में तो हंसाती है, लेकिन हॉरर सीन खास असर नहीं छोड़ पाते। बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा होने के बावजूद ढीले स्क्रीनप्ले और कमजोर निर्देशन के कारण ये एक औसत से नीचे की फिल्म बनकर रह जाती है। फैंटेसी और पारिवारिक ड्रामा के होते हुए भी बड़े सीन बेअसर साबित होते हैं, जिससे फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करने में नाकाम रहती है।



हॉलीवुड मसाला



हॉलीवुड में अच्छी फिल्में नहीं बनती

लॉस एंजिल्स। फेमस एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक खुलासा किया है। उनका मानना है कि अब हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में नहीं बनती हैं। अब बड़े प्रोडक्शन हाउस भी बिजनेस पर ही फोकस करते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि वो हॉलीवुड छोड़ने वाले थे। इसकी वजह का भी खुलासा किया है। जैकी चैन लीजेंडरी एक्शन स्टार ही नहीं, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में लंबा वक्त बिताया है। हर फिल्म इंडस्ट्री से वाकिफ होने का तजुर्बा रखते हैं। उनके मार्शल आर्ट्स और कॉमेडी की दुनिया अभी भी मुरीद है।



कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' का बनेगा रीमेक

लॉस एंजिल्स। 'लापता लेडीज' और 'धोबी घाट' जैसी फिल्में बना चुकीं किरण राव लगता अगली परियोजना की तैयारी में हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' को रीमेक के जरिए भारतीय दर्शकों तक पहुंचाना चाहती हैं। 2015 में रिलीज इस ड्रामा-सीरीज को आईएमडी पर 9 की रेटिंग से नवाजा गया है। इसकी कहानी युवा दोस्तों के बड़े होने की चुनौतियों पर आधारित है। किरण ने सीरीज की कहानी और पड़ोस में रहने वाले परिवारों के चित्रण की तारीफ भी की। 'द पॉपकॉर्न आवर' कार्यक्रम के दौरान, किरण ने 'रिप्लाई 1988' का भारतीय रीमेक बनाने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, "सर्वश्रेष्ठ के-ड्रामा 'रिप्लाई 1988' नामक शो है। यह एक शानदार शो है। इसकी कहानी असल में 1988 में घटित होती है।



गाने में हर स्टेप का सिखाया मतलब...

मुंबई। शरवरी निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के गाने 'झुमका पटोला' में कुछ नया करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सूरज बड़जात्या के साथ काम करके उन्हें समझ आया कि डांस सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं होता, बल्कि इससे कहानी भी कही जा सकती है। बड़जात्या ने उन्हें सिखाया कि डांस के हर मूव और चेहरे के हाव-भाव का खास मतलब होता है। इससे उनकी परफॉर्मेंस में भी पहले से ज्यादा निखार आया है। बड़जात्या की खासियत है कि वो डांस के जरिए भी कहानी को खूबसूरती से पेश करते हैं। शरवरी के मुताबिक, उनके साथ काम करके वह डांस से एक अलग ही स्तर पर जुड़ पाईं और समझा कि डांस सिर्फ अच्छे मूव्स दिखाने के लिए नहीं, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने का भी जरिया है।



'गनमास्टर जी9' का गाना हुआ जारी

मुंबई। इमरान हाशमी और जेनेलिया डिसूजा की आगामी फिल्म 'गनमास्टर जी9' से नया गाना रिलीज हुआ है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'अफसाना बनाया आपने' रिलीज किया था, जिसे लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल हुई। अब हिमेश रेशमिया के संगीत में पिरोया गया नया गाना 'दो दिन की जिंदगी' यूट्यूब पर जारी हो गया है, जो फिल्म में इमरान और जेनेलिया के किरदारों पर फिल्मांकित है। बता दें, आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित 'गनमास्टर G9' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। हिमेश रेशमिया मेलोडीज द्वारा निर्मित 'दो दिन की जिंदगी' गाने को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषल ने अपनी आवाज दी है। इसके लिए बोल जुनैद वसी ने लिखे हैं, जबकि संगीत हिमेश का है। वीडियो में इमरान और जेनेलिया के किरदारों को खूबसूरती से पेश किया गया है।

टीवी मसाला



'कौन बनेगा करोड़पति' की हॉट सीट पर दिखेंगे रणबीर कपूर-साई पल्लवी

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण' 5 नवंबर, 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। इस दौरान फिल्म की टीम जोरों-शोरों से प्रचार में लगी हुई है। अब रणबीर और साई 'रामायण' के प्रचार के लिए अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18 में नजर आएंगे।

फिल्म के बारे में होगी खास बातचीत : जानकारी के मुताबिक, शो के दौरान दोनों कलाकार अपनी फिल्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। ये आने वाला एपिसोड काफी दिलचस्प हो सकता है, क्योंकि इसके दौरान रणबीर और अमिताभ एक बार फिर साथ नजर आएंगे। ये दोनों कलाकार 2022 में अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन-शिवा' में एक साथ दिखाई दिए थे, जिसमें रणबीर ने 'शिवा' और अमिताभ ने 'गुरु' का किरदार निभाया था।

मल्टी-स्टारर फिल्म है 'रामायण': नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली 'रामायण' में रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और साई माता सीता के किरदार में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म दुनियाभर में रिलीज की जाएगी और इसे 40 से अधिक भाषाओं में डब किया गया है। इसे 2 पार्ट में बनाया गया है, जिसका दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के समय रिलीज किया जाएगा। इसमें यश रावण के रूप में दिखाई देंगे और कई अन्य जाने-माने सितारे भी नजर आएंगे।

'कॉफी विद करण 9' में सलमान ने सुनाया डरावना किस्सा- देखा नहीं, सिर्फ महसूस किया

मुंबई। करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' का 9वां सीजन जियोहॉटस्टार पर आ गया है। 14 अक्टूबर को शो के पहले एपिसोड का प्रीमियर किया गया, जिसमें सलमान खान और करिश्मा कपूर शामिल हुए। बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपने घर को लेकर एक डरावने अनुभव का किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि गैलेक्सी अपार्टमेंट्स फ्लैट में उनका कमरा भूतिया था। सलमान ने यह भी बताया कि उन्हें अपने कमरे में किसी की मौजूदगी का एहसास होता था। शो के दौरान, करण ने याद किया कि सलमान का गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में घर कितना छोटा था। घर का जिक्र आते ही सलमान ने कहा, आपको पता है, उस कमरे में मैं कभी अकेला नहीं रहा। मैं वहां किसी के साथ रहा था, जिसे मैंने कभी देखा ही नहीं, सिर्फ सुना है, सिर्फ महसूस किया है पीछे। हर बार जब मैं बाहर आता, तो बत्तियां अपने आप जलती-बुझती थीं। अलमारियां अपने आप खुलती थीं।



अभिजीत सावंत बोले- गाने के 50 रुपए मिलते थे, संघर्ष के दिनों को किया याद

मुंबई। 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' और 'मर जावा मिट जावा' जैसे मशहूर गानों को अपनी आवाज देने वाले अभिजीत सावंत लाखों दिलों पर राज करते हैं। 'इंडियन आइडल' शो का पहला सीजन जीतने के बाद वह एक बार फिर 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' में अपने सुरों का जादू बिखेरने वाले हैं। इस बीच अभिजीत ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया और बताया कि वह कैसे छोटे-छोटे पंडालों में 50 रुपये के बदले गाना गाया करते थे।

कभी-कभी 100 रुपए मिलते थे

अभिजीत ने कहा, जब मुझे छोटे-छोटे स्टेज पर गाने का मौका मिलता था, वह दिन मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन हो जाता है। मुझे आज भी याद है कि मैं छोटे-छोटे कार्यक्रमों और पंडालों में गाया करता था। कभी-कभी मुझे 100 रुपये मिल जाते थे तो कभी कोई खुशी-खुशी मेरी जेब में 50 रुपये डाल देता था और कहता था था कि लो बेटा, आज कुछ खा लेना।



हमने भगवान को नहीं देखा लेकिन दर्शकों को देखा है

अभिजीत ने कहा, जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। कई दिन ऐसे भी रहे, जो बहुत अच्छे नहीं थे। जब भी मैं किसी मुश्किल दौर से गुजरता हूं या मेरा दिन खराब जाता है तो मैं उन लोगों के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने उस समय मुझे प्यार दिया और ये कहकर उम्मीद जगाई कि मैं अच्छा कर सकता हूं। अभिजीत ने दर्शकों को अपनी ताकत बताया और उनकी तुलना भगवान से की, जो उन्हें काम करने की प्रेरणा देते हैं।

रोशन संग जमेगी सिमर की जोड़ी

फिल्म 'बातों ही बातों में' से मचाएंगी धमाल

मुंबई। बीएलएम पिक्चर्स ने अपनी नई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'बातों ही बातों में' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म में रोशन मैथ्यू और अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया की नई जोड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएगी। धीरज बोस के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर से शुरू होगी। ये कहानी रिश्तों में बातचीत, जुड़ाव और आने वाले अनपेक्षित मोड़ों के इर्द-गिर्द घूमती है।





सिमर ने इस फिल्म से रखा था बॉलीवुड में कदम : सिमर भाटिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से की थी, जिसमें उन्होंने अगस्त्य नंदा के साथ काम किया और अपनी बेहतरीन एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा। अब वो फिल्म 'बातों ही बातों में' में नजर आएंगी, वहीं, रोशन मैथ्यू साउथ और बॉलीवुड के एक माने हुए अभिनेता हैं। वो आलिया भट्ट की 'डार्लिंग्स', 'कपूर एंड सन्स' और 'उलझ' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं।

विवेक ओबेरॉय को मिली थीं अंडरवर्ल्ड से धमकियां, सालों बाद खोले राज..

मुंबई। *अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड में मौजूद ताकतवर लॉबी को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी के उस मुश्किल दौर को याद किया, जब उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। विवेक ने बताया कि उस समय हालात इतने बिगड़ गए थे कि उन्हें अंडरवर्ल्ड से भी धमकियां मिलने लगी थीं और इस वजह से लोगों ने उनसे बात करनी बंद कर दी थी।*

क्या है पूरा मामला?

बता दें कि साल 2003 में सलमान खान के साथ हुए बहुचर्चित विवाद और प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विवेक को बॉलीवुड की कई ताकतवर हस्तियों के साथ तनावपूर्ण हालात का सामना करना पड़ा था। इस वजह से उन्हें अंडरवर्ल्ड से धमकियां मिलने लगी थीं।

विवेक को किया गया बहुत परेशान

विवक ने कहा, मुझे जो गलत लगा, उसके खिलाफ आवाज उठाई और इसके बाद मुझे बहुत परेशान किया जाने लगा। यह मेरे जीवन का बहुत मुश्किल दौर था, क्योंकि सफल फिल्में देने और पुरस्कार जीतने के बावजूद एक ताकतवर लॉबी ने सब कुछ अपने कब्जे में ले लिया। ऐसा होता था कि जिन फिल्मों को मैंने साइन किया था, वहां से लोग पीछे हटने लगे और कहने लगे, सॉरी यार, अब हम तुम्हारे साथ काम नहीं कर सकते।



विवेक के साथ काम किया तो खत्म कर देंगे

विवेक ने बताया कि शुरुआत में कुछ लोग नैतिकता के आधार पर उनके साथ खड़े रहे। हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही वे डर के मारे पीछे हट गए। विवेक ने कहा, लोगों को अंडरवर्ल्ड से फोन आने लगे थे। उन्हें धमकी दी जाती थी कि अगर विवेक के साथ काम किया तो उनका काम तमाम कर दिया जाएगा। इस वजह से वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की खातिर मेरा साथ छोड़कर दूर चले गए।

'राइज एंड फॉल' में पवन सिंह की वापसी से पलटेगा पूरा खेल

बीच में छोड़ा था पहला सीजन

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता और नेता पवन सिंह रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने पहले सीजन में हिस्सा लिया था, लेकिन निजी कारणों से बीच में ही शो छोड़ दिया था। अब दूसरे सीजन में उनकी वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, अभी तक उनकी वापसी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



तेज प्रताप की विदाई, अब पवन की वापसी के चर्चे

'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में अब तक कई बदलाव देखने को मिले हैं। कानूनी दिक्कतों के चलते तेज प्रताप यादव को शो छोड़ना पड़ा, जबकि कायरा अनु और राज ग्रोवर बाहर हो चुके हैं। हाल ही में निहारिका तिवारी ने चैलेंज में स्वरा भास्कर को हराकर पहली महिला अल्टीमेट रूलर बनने का खिताब जीता। वीरेंद्र सहवाग के होस्ट किए जा रहे इस शो को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। अब पवन सिंह की वापसी की खबरों ने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है।

खबर संक्षेप

कार ने आटो को मारी टक्कर एक की मौत, दो घायल

जांजगीर-चांपा। तेज रफ्तार बोलेरो ने आटो को ठोकर मार दी। घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुलीपोटा की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोड़सरा निवासी चंद्रशेखर पिता रामनारायण धीवर समेत अन्य लोग आटो में सवार होकर चांपा की ओर जा रहे थे। वे अभी कुलीपोटा के पास ही पहुंचे थे। इस बीच शुक्रवार 16 अक्टूबर की रात तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने आटो सवार लोगों को ठोकर मार दी। घटना में चंद्रशेखर धीवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई एवं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना के बीच लोगों की भीड़ इकट्टा होने के बाद जांजगीर चांपा मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित भी हुआ। जिसके चलते लोगों को आने जाने में परेशानी भी हुई।

बालपुर-उमरेली के मध्य 3 घंटे रुकी मेमू लोकल, यात्री परेशान

बहेराडीह। कोरबा से डोंगरगढ़ तक जाने वाली मेमू लोकल ट्रेन 17 अक्टूबर शनिवार को बालपुर उमरेली के मध्य आउटर में करीब 3 घंटे तक सिग्नल नहीं मिलने के कारण रोक दिया गया। जिससे आसपास के यात्री परेशान होकर अपने घर पैदल जाना पड़ा पैदल जाना पड़ा और चाम्पा तथा बिलासपुर से अलग ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को खूब परेशानी का सामना करना पड़ा।
ज्ञात हो कि कोरबा से डोंगरगढ़ तक जाने वाली मेमू लोकल ट्रेन शनिवार 17 अक्टूबर को बालपुर उमरेली के बीच तकरीबन 3 घंटे तक सिग्नल नहीं के कारण रोक दी गई। ट्रेन में बडी संख्या में यात्रीगण सवार थे। इस ट्रेन में सवार यात्री सिवनी के जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर व अन्य यात्रियों ने बताया कि प्रतिदिन की भांति कोरबा से डोंगरगढ़ तक चलने वाली मेमू लोकल ट्रेन 17 अक्टूबर शनिवार को करीब 3 बजे से लेकर 6 बजे तक बालपुर रेलवे स्टेशन और चाम्पा रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित उमरेली के आसपास आउटर में सिग्नल नहीं मिलने के के कारण करीब 3 घंटे तक रोक दिया गया। इससे परेशान होकर आसपास के यात्री ट्रेन से उतरकर पैदल अपने घर तक जाना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि जिनके छोटे बच्चे या बुजुर्ग माता पिता साथ थे। उन यात्रियों काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सीएम उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 30 तक

आवेदन सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

निधन

ज्ञानू गुप्ता

बैकुण्ठपुर। शहर के डबरीपारा निवासी आटा चक्की के संचालक ज्ञानू गुप्ता का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। वे करीब 55 वर्ष के थे। स्व. गुप्ता का अंतिम संस्कार स्थानीय रामपुर स्थित गेज नदी मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत शहर के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

जगह- जगह विराजी मां दुर्गा...



श्री श्री 108 सिद्ध बाबा मंदिर दुर्गा पूजा समिति जमगहना बैकुंठपुर।



श्री श्री नव युवक मंडल दुर्गा पूजा समिति, जैन मंदिर चौक, मनेंद्रगढ़।



श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हनुमान मंदिर एसईसीएल चरचा आरओ



श्री श्री नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति सुभाष नगर चरचा



श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मिलनी क्लब बंगाली समाज चरचा।



शिव मंदिर प्रांगण एसईसीएल दुर्गा पूजा समिति, कटकोना।



श्री श्री 108 श्री दुर्गा पूजा समिति, बाजारपारा कटकोना।



श्री श्री नवशक्ति सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति, ग्राम पंचायत बरदिया।

आरोपी की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौके पर मौत; आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



ग्राम पंचायत कुबेरपुर में शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार महिला को कुचल दिया। दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। साथ ही ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि ट्रैक्टर चालक को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, बस्ती के अंदर संचालित क्रेशर को हटाया जाए और मृतिका के परिजन को उचित मुआवजा दिया जाए।

जानकारी के अनुसार कुबेरपुर निवासी चंद्रावती जायसवाल पति संजय जायसवाल (28 वर्ष) शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर से इलाज कराने के बाद स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही महिला कुबेरपुर चौक के समीप पहुंची तभी क्रेशर की गिट्टी लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गईं। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर का पहिया महिला के ऊपर से गुजर गया, जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर लाश रखकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। गांव की बस्ती में संचालित क्रेशर से गिट्टी लेकर निकलने वाले भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें बस्ती के अंदर संचालित क्रेशर को तत्काल हटाना, हादसे में शामिल ट्रैक्टर और उसके चालक को पकड़कर कार्रवाई करना तथा मृतिका के परिवार को उचित मुआवजा देना शामिल है। घटनास्थल पर पुलिस बल मौजूद था, लेकिन प्रशासनिक टीम मौके नहीं पहुंची थी। ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने और उनकी मांगों पर ठोस पहल होने का इंतजार कर रहे थे। सड़क पर चक्का जाम जारी रहने से क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। किसी कार का निष्कर्ष नहीं निकलने पर देर शाम तक ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे।

पिटाई से हुई थी बंदी की मौत, चार साल बाद हत्या का अपराध दर्ज

जांजगीर-चांपा। जिला जेल के बंदी की मौत के मामले में अहम खुलासा हुआ है। जेल दाखिल करने से पहले की गई पिटाई से बंदी की मौत हुई थी।मानवाधिकार आयोग की जांच के बाद इस बात का खुलासा हुआ। इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना के 4 साल बाद हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला वर्ष 2022 को नवागढ़ क्षेत्र का है। आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री के मामले में जगदीश गोंड एवं महादेव गोंड को पकड़ा था। इसके बाद दोनों को जेल दाखिल किया गया और बाद मेंजगदीश की मौत हो गई। मामले में पुलिस की जांच तो चल ही रही थी। साथ ही मानवाधिकार आयोग ने भी जांच की। वहीं एसडीएम ने भी जांच की। जांच में सामने आया कि 15 अप्रैल 2022 को आबकारी वृत्त शिवरीनारायण की टीम ने देवरी मोड़ केरा-बिर्रा मार्ग पर छापेमारी कर जगदीश गोंड एवं महादेव गोंड को 30 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा था। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल जांजगीर में दाखिल कराया गया। अगले ही दिन जेल में जगदीश की तबीयत बिगड़ी और जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।जांच के दौरान सहबंदी के बयान और शव पंचनामा में मिले चोट के निशानों से स्पष्ट हुआ कि जेल में दाखिल करने से पहले आबकारी कर्मचारियों द्वारा मृतक के साथ मारपीट की गई थी, जिसके कारण जगदीश की मृत्यु हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर थाना नवागढ़ में संबंधित आबकारी कर्मचारियों के विरुद्ध धारा 302, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



मानवाधिकार आयोग की जांच के बाद हुई कार्रवाई

7 सेजस विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई

63 अन्य विद्यालयों में स्थापना का प्रस्ताव

मनेन्द्रगढ़। ग्रामीण विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एमसीबी जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिले के सभी 7 स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड संचालित हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के आधुनिक और प्रभावी अवसर मिल रहे हैं। वहीं, जिले के अन्य 63 विद्यालयों में भी स्मार्ट बोर्ड स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस पहल के विस्तार से आने वाले समय में अधिक से अधिक ग्रामीण विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। इंटरैक्टिव स्मार्ट बोर्ड के उपयोग से कक्षाओं में शिक्षण का तरीका अधिक रोचक, सरल और प्रभावी बन रहा है। विद्यार्थी अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि चित्रों, वीडियो, एनिमेशन और डिजिटल गतिविधियों के माध्यम से विषयों को समझने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। इससे कठिन अवधारणाओं को दृश्य रूप में समझना आसान होता है और विद्यार्थियों की विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद मिलती है। गणित में सूत्रों, समीकरणों और ज्यामितीय आकृतियों को डिजिटल माध्यम से समझाया जा रहा है। भौतिकी में गति, प्रकाश और विद्युत जैसी जटिल अवधारणाओं को दृश्य प्रस्तुतियों के जरिए स्पष्ट किया जा सकता है। वहीं, रसायन विज्ञान में परमाणु संरचना और रासायनिक अभिक्रियाओं तथा जीव विज्ञान में कोशिका, मानव शरीर और जैविक प्रक्रियाओं को चित्रों एवं एनिमेशन के माध्यम से समझने में सहायता मिल रही है।

भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर होगी परिचर्चा

अम्बेडकर भवन झगराखांड में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन-2047 से जोड़ने तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर को अम्बेडकर भवन, झगराखांड में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के युवाओं को विचार साझा करने, अपने प्रश्न रखने तथा विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में 16 से 24 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के मेधावी विद्यार्थी, महाविद्यालयीन एवं प्रावीण्य छात्र, कला, साहित्य, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले युवा, खेल अकादमियों के प्रशिक्षणार्थी तथा यूपीएससी, सीजीपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के विद्यार्थी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी, छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थी, दिव्यागजन तथा आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली युवाओं को भी कार्यक्रम में शामिल करने पर जोर दिया गया है। युवा उड़ान 2026 के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं, वन नेशन, वन इलेक्शन तथा विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में तीन आमंत्रित विषय विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। कुल 2 घंटे 10 मिनट की अवधि वाले इस आयोजन में विषय विशेषज्ञों के लिए 1 घंटा 30 मिनट तथा युवाओं के साथ संवाद, प्रश्नोत्तर और सुझावों के लिए 40 मिनट निर्धारित किए गए हैं।

टेमर समपार फाटक पर लगी वाहनों की लंबी कतार, बढ़ी परेशानी

चौथी लाइन शुरू होने के बाद भी नहीं बना ओव्हरब्रिज

हरिभूमि न्यूज : सक्ती



मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने चौथी लाइन तो शुरू कर दी है, लेकिन इसके साथ जरूरी बुनियादी ढांचे यानी ओवरब्रिज के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया। इसका खामियाजा अब टेमर समपार से आने-जाने वाले दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ ट्रक, बस और एम्बुलेंस में सवार मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

हालात यह हैं कि लोगों को फाटक पार करने में ही रोजाना आधा से एक घंटा तक बर्बाद करना पड़ रहा है। 17 अक्टूबर को टेमर समपार पर शाम करीब 5:30 बजे जैसे ही गेटकीपर ने फाटक बंद करने के लिए हूटर बजाया, ट्रैक पर वाहनों की भारी भीड़ के कारण लोग अपनी गाड़ियां पार नहीं कर पा रहे थे। इस बीच रेलवे स्टेशन की ओर से एक एक्सप्रेस ट्रेन के लिए सिग्नल दिया जा चुका था। गनीमत यह रही कि गेटमैन के पास मौजूद सिग्नल की मदद से उसने ट्रेन को आउटर पर रुकवाया और किसी तरह मशक्कत कर फाटक बंद किया गया। बड़ी मुश्किल से तीन लोगों के संयुक्त प्रयासों के बाद जाकर फाटक बंद हो पाया, जिसके बाद एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनें वहां से गुजर सकीं। दोनों तरफ लगा एक-एक किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला। बताया जाता है कि जैसे ही फाटक बंद हुआ, उसके दोनों तरफ एक बार फिर करीब एक-एक किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। नवरात्रि के इस पावन पर्व के सीजन में जिला मुख्यालय आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को रोजाना इस ट्रैफिक जाम में 1 से 2 घंटे तक फंसना पड़ रहा है। रेल विभाग ने चौथी लाइन शुरू करने के बाद भी आज तक ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराया है, इसलिए इसका सीधा असर सक्ती, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर और रायगढ़ की ओर से आने-जाने वाले हजारों वाहन चालकों पर पड़ रहा है। इस भारी असुविधा के कारण आम जनता और वाहन चालकों में रेल प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा आक्रोश है, और वे जिम्मेदारों को लगातार कोस रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द टेमर समपार पर ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की है ताकि इस रोज-रोज की मुसीबत से निजात मिल सके। हालांकि नवरात्रि के दिनों में समस्या और भी बढ़ गई है।

